Title: Demand to present a report on holding arms by the Hon'ble Member of Parliament while undergoing medical examination in the Parliament House.

श्री राजेश पायलट (दौसा) : सभापति जी, मैं बहुत देर से सोच रहा था कि मेरे साथी इस बात को जरूर उठायेगें । आज सुबह जब मैं मद्रास से लोटा तो मैने अखबार में पढा कि कल एक माननीय सदस्य के साथ घटना हुई और जब उसका मेडीकल हुआ तो उसके पास कुछ अस्त्र पाये गये । यह अखबार में लिखा हुआ है । यह बहुत दुखद घटना है । अगर सदन में ऐसी बात हुई तो मैं आपसे प्रार्थना करूगां कि इसमें क्या सच्चाई है? क्या वाकई ही कोई मैम्बर आँफ पार्लियामैंट अस्त्र लेकर पार्लियामैंट में आता है ? इस सच्चाई को सदन के सामने रखना चाहिए क्योकि यह सदन की गरिमा की बात है । आज जो भी नागिरक इस न्यूज को पढेगा, तो वह क्या सोचेगा ? इससे सदन की गरिमा गिरेगी । अगर इस सदन की गरिमा गिरेगी तो यह देश के लिए बहुत बुरी बात है, प्रजातंत्र के लिए बुरी बात है । मै आपसे प्रार्थना करूगा कि गर्वनमैंट इस रिर्पोट है, उसको सदन के सामने रखे । यदि ऐसा हुआ है तो सदन इस पर बैठकर विचार करे कि क्या यह प्रथा देश में चलेगी ? इस बारे में सदन को फैसला करना पडेगा, नही तो देश के लिए यह बहुत गंभीर बात होगी ।

श्री शैलेन्द्र कुमार : वे नशे में भी थे ।

MR. CHAIRMAN : Please take note of this.

MAJOR GENERAL BHUVAN CHANDRA KHANDURI,AVSM (GARHWAL) : I would like to support what Shri Rajesh Pilot has said.